एक नजर में

### एसआई को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**नवभारत न्यूज पलेरा।**

**नगर के थाने में तैनात एसआई जयसिंह लोधी को सेवानिवृत्त पर अन्य स्टाफ ने विदाई दी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने उनके सकुशल सेवाकाल पूरा करने पर शुभकामनाएं दीं।**

थाना प्रांगण में उप निरीक्षक जयसिंह लोधी के सेवानिवृत्ति पर आयोजित समारोह में थाना प्रभारी समेत अन्य स्टाफ ने उन्हें धार्मिक पुस्तक व अन्य उपहार तथा शाल ओढ़ाकर विदाई दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने कहा कि सेवा निवृत्त हुए एसआई जयसिंह लोधी का कार्यकाल सराहनीय रहा है। इन्हे कर्तव्यनिष्ठ दरोगा के रूप में याद किया जाएगा। इसके साथ ही पलेरा थाना अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी खजरी के एसआई जय हिंद सिंह गोयल का प्रशासनिक तबादला होने पर उन्हें भी सम्मान विदाई दी गई। इस मौके पर पलेरा थाना पुलिस का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। एसआई जयसिंह लोधी को सेवानिवृत्त पर अन्य स्टाफ ने विदाई दी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने सकुशल सेवाकाल पूरा करने पर शुभकामनाएं दीं।

# नयाखेरा गांव का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश**

**मध्याह्न भोजन संचालक को मिली हिदायत**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**मंगलवार को टीकमगढ़ एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल अचानक अपने अमले के साथ शहर से लगे ग्राम नयाखेरा पहुंचे जहां उन्होनें ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याएं सुनी। एसडीएम ने नयाखेरा गांव में पहुंचकर सबसे पहले बारिश के मौसम में हो रहे जल भराव होने बाले स्थनों को चिंहित कर बहां का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत एसडीएम ने जल भराव की समस्या के निराकरण करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए।**




दरअसल जवसे एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल ने टीकमगढ़ का पदभार संभाला है तभी से बह कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर लोगो की समस्याएं सुनकर उनको निराकृत करने का काम कर रहे है। इसी क्रम में नयाखेरा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि गांव के मुक्तिधाम के पास शासकीय भूमि पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है जिस पर एसडीएम ने तत्काल एक्शन लेते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश संबंधितों को दिए। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सरपंच ने एसडीएम से शमसान घाट पर टीन शेट लगवाने की मांग की जिस पर एसडीएम ने टीन शेट लगवाने के लिए आश्वासन दिया है।

इसके उपरांत एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल नयाखेरा गांव की शासकीय शालाओं का निरीक्षण करने पहुंचे ।निरीक्षण के दौरान एसडीएम को शालाओं में मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार ना मिलने पर उन्होनें कड़ी नाराजगी जाहिर की साथ ही उन्होनें समूह संचालक को हिदायत देते हुए कहा कि मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार वितरित किया जाए अगर इसमें सुधार नही किया गया तो समूह संचालक कार्यवाही को तैयार रहे।

इसके अलावा ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही पानी की टंकी में अनिमित्ताओं की शिकायत की। एसडीएम ने टंकी की शिकायत के संबंध में ग्रामीणों से कहा कि इसकी शिकायत पहले भी आ चुकी है।

संबंधित विभाग के अधिकारी को टंकी निर्माण के कार्य की जांच कराने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

**गांव में ही की जनसुनवाई**

मंगलवार को अचानक नयाखेरा गांव पहुंचे एसडीएम लोकेन्द्र सिंह ने निरीक्षण के बाद पंचायत भवन में चल रही जनसुनवाई में भाग लिया जहां उन्होनें ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर नोडल अधिकारी से उनका निराकरण कराया। जनसुनवाई में इसके अलावा जो भी जटिल समस्याएं उनके समक्ष आई है उन समस्याओ ंका जल्द ही निराकरण कराने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान पंचयात के संरपंच एवं सचिव मौजूद रहे।

## कट्टा कारतूस सहित आरोपी को धरदबोचा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**पुलिस द्वारा इन दिनों जिले में अवैध हथियारों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप बड़ागांव पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। बड़ागांव पुलिस ने मुखविर की सूचना पर एक आरोपी को 12 बोर का देशी कट्टा एवं 01 जिंदा कारतूस सहित किया।यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर की गई है।**

बड़ागांव थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम मिथिला खेरा में दबिश दी जहां आरोपी सीताराम पिता नारायण दास कुशवाहा उम्र -18 साल निवासी मिथिलाखेरा के कब्जे से 12 बोर का एक अवैध देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध थाना बड़ागांव में अपराध क्रमांक 133/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी बड़ागांव निरीक्षक नरेन्द्र वर्मा , सहायक उप निरीक्षक राहत ख़ान,महेश सेन, प्रधान आरक्षक मनोज कुमार,सादिक़ ख़ान, आरक्षक अभिषेक यादव,सुनील मिश्रा, रामजी के नाम शामिल रहे।

## पटवारी संघ ने प्रदर्शन कर मांगों का सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**जिला पटवारी संघ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए पटवारियों ने मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है।**




जिला अध्यक्ष चंद्रका प्रसाद समारी ने कहा कि प्रदेश के पटवारी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भू-अभिलेख का डिजिटलाइजेशन और प्रधानमंत्री आवास स्वामित्व योजना में सराहनीय योगदान दिया है। लेकिन प्रदेश स्तर पर वेतन, पदोन्नति और तबादला जैसे अधिकारों का शोषण हो रहा है। संघ ने कहा कि गंभीर बीमारी से पीड़ित पटवारियों को गृह जिलों में पदस्थापना नहीं मिल रही है। आपसी सहमति वाले तबादला में भेदभाव किया जा रहा है। संविलियन तबादला नीति के तहत 1200 पटवारियों को तबादला मिलना चाहिए था। लेकिन केवल 509 को ही इसका लाभ मिला है। पटवारी संघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। गृह तहसील के आधार पर नियम के खिलाफ तबादले किए गए हैं। वंचित पटवारियों का स्थानांतरण किया जाए।

## पॉक्सो एक्ट के मामले में आजीवन कारावास

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**न्याायालय नरेंद्र कुमार गुप्ता विशेष न्याययाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा सुनाई गई है। इस मामले की पैरवी श्रीमती नर्मदांजलि दुबे एवं विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट ने की है।**

उक्त मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे द्वारा की गई। विशेष लोक अभियोजक द्वारा घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि मामला थाना जतारा जिला टीकमगढ़ का होकर विशेष न्यारयाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यावयालय में विचाराधीन था, जिसमें विशेष न्यायाधीश द्वारा 9 वर्षीय बालिका के साथ बलात्संग के आरोप में आरोपी संजीव कुमार उर्फ संजय अहिरवार, उम्र 27 वर्ष को दोषी पाते हुये धारा -5(ड)/6 पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास एवं 1 हजार रूपये का अर्थदण्ड , धारा - 363 भादवि में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड तथा धारा -506 भादवि. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । इस मामले में विवेचना के दौरान जतारा थाना में पदस्थ रहे निरीक्षक हिमांशु भिंडिया द्वारा घटना स्थल पर जाकर नक्शाा मौका तैयार करते हुए सभी आवश्यक साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए तथा अभियुक्त संजय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय द्वारा अभियुक्त को जेल भेजा गया था।

## नवभारत कार्यालय पहुंचे पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**

**टीकमगढ़ के पूर्व भाजपा विधायक केके श्रीवास्तव अचानक अपने साथियों के साथ टीकमगढ़ नवभारत के दफ्तर में पहुंचे। जहां उन्होंने नवभारत अखबार में प्रकाशित हो रही खबरों की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। इस मौके पर नवभारत दफ्तर में उनका लोगों ने आत्मीय स्वागत किया। वहीं पूर्व विधायककेके श्रीवास्तव का जन्म दिवस के अवसर पर मंगलवार को उन्हें मिठाई खिलाई व माला पहनाकर बधाईयां दी गई।**



इस अवसर पर पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने कहा है कि आज के समय में पत्रकारिता क्षेत्र में इलैक्ट्रानिक मीडिया, डिजिटल की इस चकाचौंद में अगर नवभारत जैसा अखबार लोग पसंद करते हैं तो निश्चित ही ये सराहनीय कार्य है।

मैं भी अक्सर आपकी खबरों को पढ़ता, जहां पूरी विश्वसनीयता दिखाई देती है। तथ्यों के साथ अगर कोई खबर प्रकाशित करता है तो वह अखबार नवभारत ही है। इस दौरान शैलेन्द्र अवस्थी, सुनील जैन होन्डा, अब्बास खां के अलावा उनके अनेक समर्थक साथ में मौजूद रहे।

### कंपनी ने किया 21 छात्रों का चयन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में सुब्रोस लिमिटेड नोएडा कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखाओं के कुल 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कुल 21 छात्रों का चयन कंपनी द्वारा किया गया।**

कैंपस ड्राइव की शुरुआत कंपनी के एचआर प्रतिनिधियों द्वारा प्री-प्लेसमेंट टॉक से हुई, जिसमें उन्होंनें नइतवे स्जक की स्थापना, कार्यक्षेत्र, उत्पाद, कार्यसंस्कृति, कर्मचारियों के लिए अवसर तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी साझा की। यह सत्र छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी रहेगा।

## वैरवार की जनसुनवाई में सुनी गई समस्याएं

**नवभारत न्यूज जतारा।**

**ग्राम पंचायत वैरवार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया ।जिसमें सभी 25 आवेदन प्राप्त होने पर मौके पर ही निराकरण किया गया। थाना प्रभारी जतारा द्वारा भी लोगों को समझाया गया।**




दरअसल ग्राम पंचायत वैरवार तहसील जतारा के अंतर्गत 2 किलोमीटर दूर पंचायत है। जो पंचायत अपने कार्य को बड़ी ही चर्चित मानी जाती है और यह पंचयात नशामुक्ति से पहचानी जाती है। जहां पर शराब की एक भी बूंद नहीं बिकती है। दरअसल ग्राम पंचायत वैरवार के सरपंच सुरेंद्र सिंह दांगी का कहना है। कि हमारे ग्राम पंचायत का कोई भी व्यक्ति किसी कार्य के लिए तहसील, जनपद एवं पुलिस थाने में अनावश्यक रूप से नहीं जा सकता है। दांगी का कहना है की हमारी पंचायत में 7 दिनो में जितने भी पंचायत के व्यक्तियों के कार्य व समस्याओ का निराकरण किया जाता है। उनकी जनसुनवाई हर मंगलवार जाती है। और सारी समस्याएं मंगलवार को जनसुनवाई के रूप में पंचायत भवन वैरवार में ही सुलझाई जाती हैं। यहां पर पंचायत स्तर के समस्त अधिकारी कर्मचारी हर मंगलवार को समय पर उपस्थित हो जाते है।थाना प्रभारी ने ग्राम वासियों को पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण के वारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। पीड़ितों को सशक्तिकरण न्याय का निश्चय एवं उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। आम नागरिकों की समस्याओं को सुलझाते हैं।आज के कार्यक्रम में तहसीलदार पीयूष दीक्षित, थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक, डॉक्टर आरएन घोष, पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक मौजूद रहे।

## 3 माह का राशन एक साथ वितरण करना सुनिश्चित करें

**समय सीमा की बैठक में बोले टीकमगढ़ एसडीएम**

**मुख्यमंत्री आवास की शिकायतों पर दिया जोर**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार एसडीएम टीकमगढ़ लोकेन्द्र सिंह सरल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम सरल ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन वितरण केन्द्रों पर 3 माह के राशन को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने ऐसे पीडीएस केन्द्र जहां राशन वितरण में अनियमिततायें हैं या राशन वितरण नहीं हो रहा है, उन पर कार्यवाही कराने के निर्देश दिये।**



टीएल बैठक में एसडीएम श्री सरल ने समग्र आधार ई-केवाईसी की समीक्षा के दौरान कम प्रगति वाले विभाग प्रमुखों को जल्द से जल्द प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि आकांक्षा योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को दिया जाये। उन्होंने इसके लिये स्कूलों द्वार विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने धरती आबा योजना की रिपोर्ट अपडेट कराने व शिविरों को सफल बनाने के निर्देश दिये। तत्पश्चात श्री सरल ने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल की विभागवार समीक्षा की एवं कम प्रगति वाले विभाग प्रमुखों को शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास से प्राप्त शिकायतों को भी प्राथमिकता से निराकृत कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, आयुष्मान भारत योजना, टीएल पत्रों तथा विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मानवाधिकार आयोग तथा जनसुनवाई में लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि ई-ऑफिस से फाईल संचालन किया जाये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, डीडी विटनरी डॉ. आरके जैन, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सौरभ तिवारी, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी रामबाबू गुप्ता अधिकारी उपस्थित रहे।

आफत — पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 7 .6 इंच गिरा पानी

# बारिश के दौरान गिरी जीर्ण शीर्ण इमारत की दीवार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**बीते एक सप्ताह से हो रही बारिश के चलते शहर के कटरा बाजार स्थित पुराना पोस्ट ऑफिस चौराहा पर सीआईडी ऑफिस के बगल में दूसरी बार 11.45 बजे एक दीवाल गिरने की घटना सामने आई है हालाकि दीवाल गिरने से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नही हुआ है। अब प्रशासन ऐसे जीर्ण शीर्ण इमारतों को चिंहित करने की पहल कर रहा है। जिससे आगामी बारिश के दौरान ऐसे मामले सामने ना आ सके। जून माह में बारिश ने नया रिकॉर्ड बनाया है। जिले में 1 से 30 जून तक 384.4 मिमी यानी 15.1 इंच औसत बारिश दर्ज की गई। यह पिछले साल की तुलना में 7.6 इंच अधिक है। इससे जून माह में ही कोटे का 30 फीसदी पानी बरस चुका है।**



भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार अन्य क्षेत्रों में बल्देवगढ़ में 277 मिमी, खरगापुर में 367 मिमी, जतारा में 304 मिमी, लिधौरा में 363 मिमी और बड़ागांव धसान में 226 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री से घटकर 29.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री से घटकर 24.02 डिग्री सेल्सियस हो गया है। जिले में वार्षिक औसत बारिश 1000 मिमी होती है, जिसका 30 प्रतिशत कोटा जून में ही पूरा हो गया है। बीते एक सप्ताह से हो रही बारिश के चलते शहर के कटरा बाजार स्थित पुराना पोस्ट ऑफिस चौराहा पर सीआईडी ऑफिस के बगल में दूसरी बार 11.45 बजे एक दीवाल गिरने की घटना सामने आई है हालाकि दीवाल गिरने से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नही हुआ है।

अब प्रशासन ऐसे जीर्ण शीर्ण इमारतों को चिंहित करने की पहल कर रहा है। जिससे आगामी बारिश के दौरान ऐसे मामले सामने ना आ सके। जून माह में बारिश ने नया रिकॉर्ड बनाया है। जिले में 1 से 30 जून तक 384.4 मिमी यानी 15.1 इंच औसत बारिश दर्ज की गई। यह पिछले साल की तुलना में 7.6 इंच अधिक है।

इससे जून माह में ही कोटे का 30 फीसदी पानी बरस चुका है। हालाकि पिछले वर्ष की तुलना में इसबार अधिक बारिश हुई है। किसान अब मौसम खुलने का इंतजार कर रहे है। किसान चाहते है कि समय से मौसम साफ हो जाए जिससे बह इस मौसम की फसलों की बोवनी कर सके।

**तापमान में आई गिरावट**

भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार अभी आगामी तीन से चार दिनों तक बारिश लगातार होती रहेगी जिससे मौसम के तापमान में गिराबट आने की संभावना है। चिकित्सकों ने इस मौसम में लोगों से बाजार में बेची जाने बाली तले हुए पदार्थों का सेवन करने से परहेज करने की समझाइस दी है।

### जल-दूत का प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**जनपद पंचायत सभागार बल्देवगढ़ में मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ग्राम, विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों, सीएमसीएलडीपी छात्रों सामुदायिक कार्यकर्ता, आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह प्रमुख माय भारत ऐप पर पंजीयन करने वाले जल-दूत का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।**

कलेक्टर श्री श्रोत्रिय के निर्देशानुसार एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षांश श्रीवास्तव, जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार के मार्गदर्शन में रखा गया। प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिंह लोधी, समाज सेवी नंदू चौरसिया, एपीओ योगेश समाधियां, एई रोहित संगरिया द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।

## बिजली गिरने से दो भैसों की मौत



**नवभारत न्यूज जतारा।**

**तहसील जतारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत करमौरा में आकाशीय बिजली गिरने से दो भैसो की मौत हो गई। जिन पशुपालकों की भैसे मृत हुई है उन्होनें बताया कि दोनों भैस गर्भवती अवस्था में थी जिससे उनको लाखों रूपए का नुकसान पहुंचा है। पशुपालकों ने जिला प्रशासान से इस मामले में उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।**

जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत करमौरा में तेज बारिश के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिरने से गांव के दो किसानों की दो भैंसे मृत हो गई । सरपंच ने बताया कि भैसे खेतो मे चरने के लिए गयी थी तभी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली आफत बनकर गिरी और उसने दो भैसो को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें एक भैंस रोहित यादव तनय नन्दकिशोर यादव की बताई जा रही है बहीं दूसरी भैंस जगदीश यादव तनय कुटटू यादव की है। मृत्यु की सूचना एवं पीएम कराये जाने का आवेदन थाना जतारा पुलिस को दिया।